प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 12.07.2026 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

मुख्य समाचार :–

1. प्रदेश भर में पौधरोपण महाअभियान के तहत लगाए गए 35 करोड़ से अधिक पौधे : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा– पिछले नौ वर्षों में राज्य में भौतिक विकास के साथ वन क्षेत्र में भी हुआ विस्तार।
2. मुख्यमंत्री की मौजूदगी में केंद्रीय सड़क और परिवहन मंत्री नितिन गडकरी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह कल करेंगे लखनऊ–कानपुर एक्सप्रेस वे का लोकार्पण।
3. श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेन्द्र मिश्रा ने कहा– 22 जुलाई को ट्रस्ट की बैठक में मुख्य कार्यपालक अधिकारी की नियुक्ति पर होगा फैसला : न्यास के अधीन ही करेंगे काम।

और

4. बारिश के बाद आगरा में यमुना और बलिया में गंगा समेत कई नदियों का बढ़ा जलस्तर. : मौसम विभाग ने अगले तीन दिन पूर्वांचल के कई स्थानों पर बारिश का जताया अनुमान।

———————————

**12.07.2026**

**सीएम–वृक्षारोपण महाअभियान**

**प्रदेश भर में 'पौधरोपण महाअभियान–एक पेड़ मां के नाम' के तहत आज 35 करोड़ से अधिक पौधे लगाये गये। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में 'पवित्र त्रिवेणी' के पौधों को रोपकर इस महाअभियान की शुरूआत की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रकृति के असंतुलन को संतुलित करने के लिए जरूरी है कि पर्यावरण के प्रति हर नागरिक अपने दायित्व का निर्वहन करे। राज्य सरकार ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाये हैं और भौतिक विकास के साथ–साथ प्रदेश में वनाच्छादन को विस्तार देने में सफलता हासिल की है। बाइट....**

*यूपी के अंदर इंफ्रास्ट्रक्चर में भारी वृद्धि हुई है। नए–नए एक्सप्रेसवे, हाईवे, सड़कों का एक लंबा जाल बिछा है। नए–नए उद्योग आए हैं। शहरीकरण में भी नई–नई कॉलोनियां बनी है, बसी है। सबसे ज्यादा भौतिक विकास की गति को तेज करने में योगदान देने वाले राज्य के रूप में यूपी ने अपने आप को स्थापित किया है। लेकिन सबसे ज्यादा भौतिक विकास के साथ–साथ पर्यावरण की दृष्टि से बड़े राज्यों में यूपी ने अपने वनाच्छादन को भी विस्तार देने में सफलता प्राप्त की है।*

**इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विकास वाटिका की स्थापना, वानिकी आधारित कैलेंडर का विमोचन और 'मौलश्री' का पौधा लगाकर 'हरित उत्तर प्रदेश' के संकल्प को आगे बढाया। उन्होने मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को पौधे और चेक भी प्रदान किए। इस अवसर पर वन मंत्री डा. अरूण कुमार सक्सेना भी मौजूद थे।**

**प्रदेश भर में चलाये गये वृक्षारोपण महाभियान के क्रम में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने जन–भवन परिसर में सफेद चंदन का पौधा रोपित किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि सभी को प्रकृति के संरक्षण और स्वस्थ जीवन पद्धति का अपनाने का संकल्प लेना चाहिए। वहीं प्रदेश भर में जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों ने अभियान में हिस्सा लिया। पेश है एक रिपोर्ट....**

*पौधरोपण महाभियान के तहत उपमुख्यमंत्री बजेश पाठक ने बाराबंकी में कहा कि एक पेड़ मां के नाम अभियान पर्यावरण संरक्षण और मां के सम्मान से जुड़ा महत्वपूर्ण जनअभियान है। आगरा के सिकंदरा में स्थानीय सांसद और केंद्रीय राज्यमंत्री एस. पी. सिंह बघेल और प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने पौधारोपण कर इस अभियान की शुरूआत की। बागपत में केंद्रीय राज्यमंत्री जयंत चौधरी और के. पी. मलिक ने वृक्षारोपण किया। कानपुर नगर में कैबिनेट मंत्री राकेश सचान, देवरिया में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, इटावा में राज्यमंत्री जे.पी.एस.राठौर ने पौधरोपण किया। समाचार कक्ष से फ़ज़ल इनाम।*

——————————

**रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, केंद्रीय सड़क परिवहन–राष्ट्रीय राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल लखनऊ–कानपुर एक्सप्रेस–वे का शुभारंभ करेंगे। 14 जुलाई से वाहन इस एक्सप्रेस–वे पर दौड़ने लगेंगे। एक रिपोर्ट.....**

*63 किलोमीटर लंबा यह एक्सप्रेस–वे लखनऊ और कानपुर के बीच यात्रा के समय को मौजूदा 3 घंटे से घटाकर केवल 45 मिनट कर देगा। इस एक्सप्रेसवे पर दोपहिया वाहनों को जाने की अनुमति नहीं होगी। यह भारत का पहला बैरियर–मुक्त एक्सप्रेसवे भी बनेगा, जिसमें टोल प्लाजा से 500 मीटर पहले ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन कैमरे और फास्टैग रीडर लगाए गए हैं, ताकि वाहनों को रोके बिना टोल टैक्स काटा जा सके। हादसे की स्थिति में, एआई*

*सक्षम कैमरे तुरंत एनएचएआई नियंत्रण कक्ष को सूचित कर देंगे। इस एक्सप्रेस–वे को राष्ट्रीय राजमार्ग लखनऊ–कानपुर और उन्नाव–लालगंज के साथ साथ गंगा एक्सप्रेसवे, आउटर रिंग रोड से भी कनेक्ट किया गया है। मुमताज़ अली आकाशवाणी समाचार लखनऊ।*

——————————

**श्री राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने आज अयोध्या में बताया कि राम कथा संग्रहालय की सभी गैलरियों की स्क्रिप्ट को अंतिम रूप दे दिया गया है। संग्रहालय में भगवान श्रीराम के वन–गमन से जुड़ी यात्रा को आधुनिक तकनीक के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि संग्रहालय के निर्माण पर लगभग 100 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। श्री मिश्र ने बताया कि 22 जुलाई को राम मंदिर ट्रस्ट की बैठक होगी, जिसमें सीईओ की नियुक्ति, समितियों और उपसमितियों के भविष्य सहित कई प्रशासनिक विषयों पर निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि सीईओ ट्रस्ट के अधीन ही काम करेंगे।**

**बाइट....**

*मुख्य प्रबंधक अधिकारी होंगे तो वह ट्रस्ट के अधीन प्रबंधन का कार्य देखेंगे और यह तो ट्रस्ट पर निर्भर करेगा कि वह किस प्रकार का डेलीगेशन सीईओ को करते हैं और जैसा डेलीगेशन करेंगे वैसे ही फिर सीईओ जो है वह अपना स्टाफ वहां पर व्यवस्था की करेंगे लेकिन सब कुछ ट्रस्ट के अधीन है।*

——————————

## ब्रेक

**यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।**

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

———————

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, ई.पी.एफ.ओ ने माफी योजना–2026 शुरू की है। इसके तहत छूट प्राप्त भविष्य निधि ट्रस्ट चलाने वाले प्रतिष्ठानों को अपनी स्थिति नियमित करने का एकमुश्त अवसर दिया गया है। यह योजना छह महीने तक लागू रहेगी। डिस्पैच.....

ईपीएफओ की यह एमनेस्टी योजना मान्यता प्राप्त भविष्य निधि ट्रस्ट चला रहे पात्र संस्थानों को नियमित करने का एक और अवसर प्रदान करती है। इस योजना के तहत वह अपने ट्रस्ट की स्थिति को पिछली तारीख से नियमित करा सकते हैं। कर्मचारियों के लिए, यह योजना उनके नियोक्ता के भविष्य निधि ट्रस्ट की कानूनी स्थिति को लेकर अधिक स्पष्टता और भरोसा प्रदान करेगी। दीपेन्द्र कुमार की रिपोर्ट के साथ, अक्षित वैद्यान, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली।

योजना का लाभ लेने के लिए पात्र प्रतिष्ठानों को संबंधित क्षेत्रीय कार्यालय में ई–मेल के माध्यम से औपचारिक आवेदन भेजना होगा।

———————

प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने आज जालौन जिले में आधुनिक सुविधाओं से युक्त तरणताल और विकसित खेल परिसर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर

श्री सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार खेलों के विकास के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। खिलाड़ियों को बेहतर प्रशिक्षण, आधुनिक सुविधाएं और आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने में कोई कमी नहीं आने दी जाएगी।

———————

प्रदेश में कल और 14 जुलाई को दो दिन सभी जिलों में विश्व कौशल दिवस के अवसर पर वृहद रोजगार मेलों का आयोजन किया जायेगा। इन मेलों में जीरो पावर्टी अभियान में चिन्हित गरीब परिवारों के युवाओं और दिव्यांगों को वरीयता के आधार पर रोजगार दिया जायेगा। व्यवसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्यमंत्री कपिलदेव अग्रवाल ने सभी जिलों को निर्देश दिये हैं कि इन दो दिवसीय रोजगार मेलों में ज्यादा से ज्यादा युवाओं को रोजगार दिया जाये। क्यूआर कोड के जरिए युवाओं का रजिस्ट्रेशन कराया जायेगा, फिर रूचि और योग्यता के आधार पर विभिन्न कंपनियों में उन्हें रोजगार मिलेगा। इस सिलसिले में सभी जानकारियां युवाओं को आईटीआई में दी जायेंगी।

14 जुलाई को प्रयागराज जिले के नैनी स्थित मां गायत्री महाविद्यालय में सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। जिसमें 3000 रिक्त पदों पर अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा।

———————

प्रदेश के कई जिलों में कल से वर्षा का क्रम जारी है। मौसम केंद्र लखनऊ के वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने बताया कि राज्य के तराई और पूर्वांचल के कई जिलों में अगले तीन दिनों तक गरज–चमक के साथ हल्की से मध्यम वर्षा होने का अनुमान है।

बाइट....

*उत्तर प्रदेश मौसम की बात करें तो जैसा कि मानसून का तराई बेल्ट में शिफ्ट हो गया है जिसकी वजह से उत्तर प्रदेश के जो तराई क्षेत्र हैं जैसा कि लखीमपुर खीरी, बहराइच, बलरामपुर, कुशीनगर, देवरिया में मध्यम से भारी वर्षा होने की संभावना है। बाकी जगह की बात करें तो स्पेशली पूर्वी उत्तर प्रदेश की बात करें तो वहां पर बादलों की आवाजाही रहेगी तथा कुछ जगहों पर छिटपुट वर्षा की संभावना है तो कुल मिलाकर यह सिलसिला आने वाले अगले दो से तीन दिनों तक रहेगा और राजधानी लखनऊ की बात करें तो वहां पर थोड़ा बादलों की आवाजाही के साथ बूंदाबांदी हो सकती है।*

उधर, लगातार हो रही वर्षा और बैराजों से पानी छोड़े जाने के की वजह से प्रदेश में कई नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। बलिया में गंगा, आगरा और इटावा में यमुना, बिजनौर में रामगंगा, झांसी में बेतवा और सिद्धार्थनगर में राप्ती नदी का जलस्तर बढ़ गया है।

———————————